प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री–रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वे इस अवसर पर इन युवाओं को सम्बोधित भी करेंगे। यह कार्यक्रम सरकार के रोजगार मेला अभियान का हिस्सा है। 16वां रोजगार मेला देश में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। केन्द्र सरकार के अनेक मंत्रालयों और विभागों के लिए भर्तियां हो रही है। नई भर्ती के लिए देशभर से चुने गए लोग गृह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, श्रम और रोजगार मंत्रालय तथा डाक विभाग और अन्य विभागों में नियुक्त किए जाएंगे। देशभर में रोजगार मेला के माध्यम से अब तक दस लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किये जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल 'माई डीड' एनजीडीआरएस पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस पहल से जमीन की रजिस्ट्री की प्रक्रिया को और अधिक सरल और सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। इससे अब नागरिकों को अपनी जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए केवल एक बार कार्यालय जाना होगा। वे किसी भी समय और कहीं से भी भूमि पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकेंगे, जिससे उनका समय और श्रम बचेगा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से अब तहसीलदार भी अपने कार्यों की निगरानी अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। जल्द ही ऑनलाइन म्यूटेशन रजिस्टर को भी इस पहल से जोड़ा जाएगा। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार पारदर्शी और जवाबदेह शासन के लिए प्रतिबद्ध है और सरकारी कामकाज में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई सुधार किए गए हैं।

अमरनाथ यात्रा

कश्मीर घाटी में रुक–रुक कर हो रही बारिश के बीच पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में हज़ारों श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। अभी तक एक लाख 45 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। 3 जुलाई से शुरू हुई यात्रा के आठवें दिन कल 17 हज़ार 22 तीर्थ यात्रियों ने अमरनाथ गुफा के दर्शन किए। इस बीच, कल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच छह हजार चार सौ 82 तीर्थयात्रियों का दसवां जत्था जम्मू से रवाना हुआ। इस वर्ष 4 लाख से ज्यादा तीर्थ यात्रियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। यह यात्रा 9 अगस्त को समाप्त होगी।

सूचना का अधिकार

जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर मनाली में "सूचना का अधिकार" विषय पर कल कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश राज्य सूचना आयोग, केंद्रीय कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग तथा जिला प्रशासन कुल्लू के संयुक्त तत्वावधान में करवाया गया। कार्यक्रम में आर.टी. आई. अधिनियम की जानकारी दी गई। वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को आर.टी.आई. के द्वारा विभिन्न क्षेत्र में हुए विकास को दिखाया गया। छात्रों को ऑनलाइन कार्यशैली को व्यावहारिक रूप से समझाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए। इस अवसर पर आर. टी.आई. से संबंधित भाषण, नारा लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिताएं भी करवाईं गईं।

कांशी राम जयंती

पहाड़ी गांधी बाबा कांशी राम की जयंती के मौके पर कल चम्बा में भूरी सिंह संग्रहालय में राज्य स्तरीय साहित्यिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि बाबा कांशीराम का स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उपायुक्त ने इस मौके पर बाबा कांशीराम के परिजनों और साहित्यिक समारोह में आए कवियों व साहित्यकारों को सम्मानित भी किया। साहित्यकारों और कवियों ने इस मौके पर अपने–अपने व्याख्यान दिए।

संजय अवस्थी

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी मजबूत करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। संजय अवस्थी कल अर्की विधानसभा क्षेत्र की मांगल पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के उदघाटन और शिलान्यास के मौके पर जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांव–गांव तक बेहतर सम्पर्क सुविधा प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। संजय अवस्थी ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार दिलाना भी सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाएं हुए हैं। हालांकि चम्बा जिला में मौसम साफ बना हुआ है। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज और कल प्रदेश के बिलासुपर, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर के विभिन्न स्थानों पर वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों में गत दिनों हुई भारी वर्षा से बाधित हुई सड़कों तथा पेयजल व विद्युत परियोजनाओं को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अधिक ब्यौरा इस रिपोर्ट में ––

हिमाचल प्रदेश में मानसून की माध्यम से भारी बारिश का क्रम रुक–रुक कर जारी है जिसके चलते सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त है राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से प्राप्त सूचना के अनुसार प्रदेश में 184 सड़के यातायात के लिए अभी भी अवरोध है जबकि 111 बिजली ट्रांसफार्मर और 791 पेयजल योजना भी बाधित है इस मानसून सीजन में अब तक बारिश से जुड़ी घटनाओं में 92 लोगों की मृत्यु हो चुकी है 172 लोग घायल है जबकि 33 लोग अभी भी लापता है निजी संपत्ति के अलावा प्रदेश को अब तक करीब 749 करोड रुपए की सार्वजनिक संपत्ति का भी नुकसान हुआ है।

————————————